जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

समस्त पत्र व्यवहार कुलसचिव जीवाजी विश्वविद्यालय के नाम से ही किया जावे न कि किसी अन्य पदाधिकारी के नाम से।
सम्बन्धित विषय पर यदि पूर्व में पत्र व्यवहार हुआ हो तो पत्र क्रमांक एवं दिनांक अवश्य लिखा जावे जिससे सुविधा हो।

तार : यूनीवर्सिटी
दूरभाष : 0091-(0751) 2442601 (कार्यालय)
2442462 (निवास)
फैक्स : 0091 0751 2341768
E-mail : joreg_gwl@rediffmail.com
Website : http://www.jiwaji.edu/

प्रेषक :
कुलसचिव,
जीवाजी विश्वविद्यालय
ग्वालियर

क्रमांक : एफ/सम्बद्धता/2012/ 5741 दिनांक : 13/12/12

// अधिसूचना //

विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 26(i)(v) एवं 24(xii) के अन्तर्गत कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 07 अगस्त, 2012 के पद क्रमांक (02) के निर्णयानुसार **विश्वनाथ प्रतापसिंह कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड मैनेजमेन्ट, लहार, जिला-भिण्ड** को सत्र 2011-12 के लिये प्रस्तावित/संचालित **बी.बी.ए. द्वितीय वर्ष, बी.सी.ए. द्वितीय वर्ष, बी.एच.एस.सी. द्वितीय वर्ष, बी.एस-सी. द्वितीय वर्ष, (आ.पा. गणित, रसायन, फिजीक्स, अति.वि. बाटनी, माइक्रोबॉयोलॉजी, कम्प्यूटर साइंस** पाठ्यक्रम के लिये अस्थाई सम्बद्धता निम्न शर्तों के साथ प्रदान की जाती है।

शर्तें/प्रतिबंध :-

1. महाविद्यालय द्वारा बी.एच.एस-सी. पाठ्यक्रम का संचालन बंद करना चाहता है।
2. महाविद्यालय में खेल का मैदान विकसित किए जाने की आवश्यकता है।
3. उचित योग्यताधारी क्रीड़ाधिकारी एवं पुस्तकालयाध्यक्ष की नियुक्ति नहीं है।
4. शैक्षणिक स्टाफ एवं प्राचार्य की 28(17) में नियुक्ति नहीं है।
5. कॉलेज कोड 27, 28 के समुचित एवं पूर्ण परिपालन की आवश्यकता है।
6. पुस्तकालय में निर्धारित सीट संख्या के अनुरूप पुस्तकों का नितान्त अभाव है। वर्तमान में अध्ययनरत छात्र जब अगले सत्र में अगले सेमेस्टर में जायेंगे तो उनके पाठ्यक्रम उनके पाठ्यक्रम में संबंधित पुस्तकों की प्रत्येक में पाठ्यक्रम के रू. 20,000/- मूल्य की पुस्तकों की व्यवस्था की जानी चाहिए।
7. कम्प्यूटर लैब में सर्वर नहीं है। बी.सी.ए. की निर्धारित सीट संख्या को ध्यान में रखते हुए नवीनतम Configuration के 10 कम्प्यूटर खरीदें जाने चाहिए। कम्प्यूटर कोर्स से संबंधित लीगल सॉफ्टवेयर आवंटित छात्र संख्या के आधार पर क्रय किया जाना चाहिए तथा स्टॉक रजिस्टर एवं ग्रंथालय रजिस्टर को अद्यतन करें।
8. बी.एस-सी. पाठ्यक्रम के लिए प्रयोगशाला सुविधा अपर्याप्त है।
9. बी.एस-सी. और बी.बी.ए. प्रत्येक में निर्धारित सीट संख्या 60 है। महाविद्यालय के पास पर्याप्त भवन है परन्तु इतनी छात्र संख्या के लिए बैठक व्यवस्था अपर्याप्त है।

आदेशानुसार
कुलसचिव

प्रति,

1. प्राचार्य, विश्वनाथ प्रतापसिंह कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड मैनेजमेन्ट, लहार, जिला-भिण्ड
2. आयुक्त, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, सतपुड़ा भवन, भोपाल।
3. क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, ग्वालियर-चंबल संभाग, मोती महल परिसर, ग्वालियर।
4. उप-कुलसचिव (परीक्षा.गोपनीय) जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. अधीक्षक, परीक्षा कक्ष क्रमांक-03, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सहायक कुलसचिव (सम्बद्धता)